05/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने आज कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र देश का हृदय और आत्मा है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धनखड ने कहा कि पूर्वोत्तर न सिर्फ एक भौगोलिक क्षेत्र है बल्कि संस्कृति, परम्परा और प्राकृतिक सुन्दरता का एक जींवत चित्र है जो भारत के मूल तत्व को दर्शाता है। उपराष्ट्रपति ने इस क्षेत्र के समृद्ध आध्यात्मिक और प्राकृतिक विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने इसकी जीवंत संस्कृति, विशिष्ट खान-पान और यहां के लोगों की ऊर्जा की सराहना की। श्री धनखड ने हाल ही में असमिया को एक शास्त्रीय भाषा की मान्यता दिये जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह मान्यता एक सकारात्मकता का संचार करती है। यह राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता दर्शाती है। उपराष्ट्रपति धनखड ने मीडिया को पूर्वोत्तर के दूत बनने का आग्रह किया। उन्होंने मीडिया कर्मियों से पर्यटन और विकास में क्षेत्र की संभावनाओं को तलाशने की भी अपील की।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम से लगभग तेईस हजार तीन सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र से संबंधित हैं। श्री मोदी ने पीएम-किसान योजना की 18वीं किस्त भी जारी की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश भर में नौ करोड़ चार लाख से अधिक किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिला है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनाईक ने तकनीक का इस्तेमाल कर सुरक्षा बलों के साथ स्थानीय लोगों को एकीकृत कर Line of Actual control को मजबूत करने पर बल दिया। अरुणाचल प्रदेश के विशेष संदर्भ में पुर्वोत्तर में सुरक्षा चुनौतियां विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान कल राजभवन में राज्यपाल ने भारत-म्यांमा सीमा के सुरक्षा को बढ़ाने के उपायों पर प्रकाश डाला। चर्चा समाधान के लिए लाभ उठाने के लिए रणनीतिक और सामरिक स्तरों पर पारस्परिकता पर केंद्रित थी और बांग्लादेश, नेपाल और पूर्वोत्तर राज्यों, विशेष रुप से अरुणाचल प्रदेश के पड़ोसी देशों में संभावित नतीजो पर चर्चा की गई। सुरक्षा विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों के नेताओं शिक्षाविदों और मीडिया कर्मियों ने अपनी विचार साझाक़ किया जिसका लक्ष्य राज्य के सुरक्षा ढांचे की मजबूत करना है। 0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के ह्वाले से आज कहा कि पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने चांगलांग स्थित नामदफा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभ्यारण्य और लोहित जिला स्थित कामलांग वन्यजीव अभ्यारण्य और टाइगर रिजर्व को पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया है

इससे पहले फरवरी दो हजार चौबीस में पाक्के टाइगर रिजर्व को भी पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र में शामिल किया गया था। श्री खाण्डू ने कहा कि इससे इन अभ्यारणों में पाए जाने वाले विलुप्त होते वन्यजीवों और दुर्लभ वनस्पतियों के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त होता है जो कि पर्यावरण की स्थिरता और एक संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र बनाए रखने के लिए जरुरी है।

0000000000000000000000

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग ने राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एन आई डी) अहमदाबाद के साथ मिलकर कल प्रदेश के नागरिक सचिवालय में इंडीजिनस हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र के अभ्यास का अध्ययन करने के लिए एक कार्यशाला सह हितधारकों की बैठक का आयोजन किया। अध्ययन में महिला कारिगरों का भी मानचित्रण करेगा और विभिन्न क्षेत्र जैसे कौशल, बाजार विकास इत्यादी में अंतर विश्लेषण कर सरकार हस्तक्षेप करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य एन आई डी टीम की क्षेत्रिय अध्ययन शुरु करने से पहले सहयोगात्मक योजना और प्रभावी संसाधन मानचित्रण की सुविधा प्रदान करना भी था। यह कार्यशाला एन आई डी द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे केस स्टडी प्रोजेक्ट के पहले चरण का हिस्सा है जिसका उद्देश्य प्रदेश के कला और शिल्प की समझ और कौशल अंतराल को पाटकर इससे जुड़ी आजिवीका को संरक्षित और बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

BEd टीचर ट्रैनिंग कार्यक्रम आज बैमबुसा पुस्तकालय तेजू में संपन्न हुआ। गौरतलब है कि इन शिक्षकों ने RASA-3 यानी सभी के लिए उंची आवाज में पढ़ना को स्वेच्छा से प्रशिक्षण लिया था। समापन समारोह में  अतिरिक्त उपायुक्त तेजू कुनाल यादव ने शिक्षक प्रशिक्षुओं से कल्पनाशील होने और कक्षा में पढ़ाई को दिलचस्प और सुखद बनाने को कहा। RASA बैमबुसा पुस्तकालय और टीचर एजूकेशन तेजू के डेनिंग़ कॉलेज द्वारा स्वेच्छा से पहल किया गया अनोखा पहल है। गौरतलब है कि RASA  को डी डी एस ई तेजू के साथ दो हजार बाईस से मिलकर संयुक्त रुप से आयोजित किए जा रहा है, ताकि तेजू सरकारी माध्यमिक स्कूलों के छात्रों का उंची आवाज में पढ़ाई कौशल को बेहतर बनाया जा सके इसमें B Ed कॉलेजों के वालंटियरों का सहयोग लिया जाता है।      0000000000000000000000

साइबर सुरक्षा पर कल ईटानगर में एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला को आई टी एवं Communication विभाग, Govt of Arunachal Pradesh ने Intelligence Fusion & Strategic Operations (IFSO) Cyber Unit, Delhi Police Special Cell के साथ मिलकर आयोजित किया था। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ के दल जिसका नेतृत्व डॉ. हेमंत तिवारी, डी सी पी, आई एफ एस ओ कर रहे थे ने साइबर स्वच्छता  सोशल मीडिया का सुरक्षित इस्तेमाल , डिजिटल संपत्ति की सुरक्षा की तकनीक, पासवर्ड प्रबंधन, सुरक्षित संचार, प्रचालित साइबर अपराध पर जागरुकता, कमजोरियों और उन्हें रोकने और कम करने के  तरीकों जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।    0000000000000000000000

नाहरलगुन में एक पंद्रह वर्षिय लड़की के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न के मामले में ईटानगर पुलिस ने अड़तीस वर्षीय  प्राइवेट स्कूल शिक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी  की पहचान जस्टिन सारोह के तौर पर हुई है। ईटानगर महिला पुलिस स्टेशन में पीड़िता की बड़ी बहन द्वारा औपचारिक शिकायत दर्ज करने के बाद जस्टिन सारोह को गिरफ्तार  किया गया। पीड़िता नवी कक्षा की छात्र है उन्होंने बताया कि कथित शिक्षक ने उन्हें अनुपयुक्त तरीके से छुआ और विरोध करने पर पिड़िता को धमकाया गया और गंभीर परिणाम की धमकी दी गई।

0000000000000000000000